an>

Title: Need to permit farmers to undertake cultivation in their agricultural land in Doranda village under Ranchi Parliamentary Constituency, Jharkhand.

m01

श्री राम टहल चौधरी (राँची)ः मेरे संसदीय क्षेत्र रांची में एयरपोर्ट के करीब मौजा हुण्डरू थाना डोरण्डा के गांववासियों की जो रैयती जमीन है। इस क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के लोग रहते हैं एवं आदिवासी बहुल क्षेत्र है जो बहुत ही गरीब है। यहाँ के लोगों ने मुझे बताया है कि इस रैयती जमीन पर आर्मी के लोग गांव वालों को उनकी पैतृक जमीन पर खेती नहीं करने दे रहे हैं। यह जमीन मौजे के आस-पास के गांव वालों की 3 सौ से 4 सौ एकड़ जमीन है जिन पर पूर्वजों से इस जमीन पर खेती बाड़ी का कार्य होता रहा है और इसकी माल गुजारी भी चुकाया जाता रहा है। मेरी जानकारी में आया है कि आर्मी वाले ग्रामवासियों को जमीन पर खेती करने से मना करते हैं और कहते हैं कि इस जमीन का मुआवजा आपको मिल जाएगा। यह कैसा विधान है कि बिना मुआवजा के किसानों की जमीन को अधिग्रहित किया जा रहा है। आर्मी के प्रति लोगों में सम्मान भाव है परन्तु इस क्षेत्र में जो आर्मी है वह किसानों से उनके मौलिक अधिकार एवं जीविका का अधिकार छीन रही है। यहाँ के लोग बहुत ही नादान एवं सीधे साधे हैं परन्तु आजीविका का साधन छिनने से यहाँ के लोगों का विवाद आर्मी के साथ हुआ है और कभी भी कोई भीषण हादसा हो सकता है।

इस संबंध में मेरा रक्षा मंत्री जी से अनुरोध है कि मामले की जांच की जाये और बताया जाये कि किन आधार पर आर्मी यहाँ के लोगों को खेती बाड़ी करने से रोक रही है। इस सम्बंध में पाये गये दोषी व्यक्ति को मौजूदा कानून के तहत सजा दी जाये जिससे निर्भय ढंग से गांव वासी अपनी जमीनों पर खेती बाड़ी कर अपने परिवार का लालन-पालन कर सके।